न्यायालय जिला न्यायाधीश चमोली।

CNRNo.UKCL010001932025
चुनाव याचिका संख्या–14 / 2025

**श्रीमती भागीरथी देवी प्रति जिला निर्वाचन अधिकारी व अन्य।**

**<u>11.08.2026</u>**

वाद पुकारा गया। याची की ओर से विद्वान अधिवक्ता श्री देवेन्द्र गुंसाई उपस्थित।

प्रतिवादी संख्या–01, 02 व 03 की ओर से विद्वान जिला शासकीय अधिवक्ता (दीवानी) श्री मनोज भट्ट उपस्थित।

प्रतिवादी संख्या–04 की ओर से विद्वान अधिवक्ता श्री विनोद सिंह नेगी उपस्थित।

याची की ओर से विद्वान अधिवक्ता द्वारा प्रार्थना पत्र कागज संख्या 37ग1 पेश कर कथन किया गया कि याची की ओर से दिनांक 30.05.2026 को न्यायालय में नगर निगम देहरादून, वार्ड सं0–99, नकरौदा की सत्यापित वोटर लिस्ट जिसमें कि मतदाता क्रमांक 2372 पिंडर वैली में सुशीला देवी, विरूद्ध पक्ष संख्या–04 का नाग अंकित है।

याची उपरोक्त वोटर लिस्ट को तस्दीक् करवाने वास्ते बतौर गवाह सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, देहरादून को बतौर गवाह तलब किये जाने की याचना की गयी है।

सुना। याची की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना पत्र कागज संख्या 37ग1 स्वीकार किया जाता है। याची आवश्यक पैरवी करना सुनिश्चित करें।

प्रतिवादी संख्या–04 की ओर से स्थगन प्रार्थना पत्र कागज संख्या 38घ पेश किया गया। जिस पर याची के विद्वान अधिवक्ता द्वारा अनापत्ति दर्शित करने से स्वीकार किया जाता है। शामिल मिसल हो।

पत्रावली वास्ते शेष याची साक्ष्य दिनांक 08.09.2026 को पेश हो।

**(बिन्ध्याचल सिंह)**
**जिला न्यायाधिश,**
**चमोली।**